Mid Term Examination (2023-24)

Class- IX

Subject – Hindi

M.M.: 80

Time : 3 Hours

आवश्यक निर्देश

1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं - खंड "क" और "ख"।
2. प्रश्न पत्र केदोनों खंडो में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. यथा संभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।
4. खंड-क में कुल 10 प्रश्न हैं व खंड –ख में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

## खंड -क (बहुविकल्पी/ वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न-1 निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। 1X5 = 5

मनुष्य जन्म से ही अहंकार का इतना विशाल बोझ लेकर आता है कि उसकी दृष्टि सदैव दूसरों की बुराइयों पर ही टिकती है। आत्म-निरीक्षण को भुलाकर साधारण मानव केवल परछिद्रान्वेषण में ही अपना जीवन बिताना चाहता है । इसके मूल में उसकी ईर्ष्या की दाहक प्रवृत्ति कार्यशील रहती है । दूसरों की सहज उन्नति को वह अपनी ईर्ष्या के वशीभूत होकर पचा नहीं पाता और उसके गुणों को अनदेखा करके केवल दोषों को ही प्रचारित करने लगता है। इस प्रक्रिया में वह इस तथ्य को भी भूल जाता है कि ईर्ष्या का दाहक स्वरूप उसके समय, स्वास्थ्य और स्वभाव के लिए कितना विनाशकारी सिद्ध हो रहा है । परनिंदा को हमारे शास्त्रों में पाप बताया गया है । हमारे शरीर के सारे अंग मन के अनुसार संचालित होते हैं, इसलिए मन का प्रबल होना आवश्यक है । मन स्वस्थ है तो शरीर स्वस्थ है । मन कैसे स्वस्थ हो, कैसे प्रबल हो, इसके लिए हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होगा । यदि हम दिन में 10 मिनट में भी ध्यान करें तो मन स्थिर होता चला जाएगा, यह स्थिरता ही प्रबलता है । जैसे-जैसे ध्यान लगता जाएगा मन दृढ़ होता जाएगा । शरीर में नई ऊर्जा का संचार शुरू हो जाएगा।

i) अहंकार के कारण मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है?
   क) वह अपने को सर्वश्रेष्ठ समझता है।
   ख) वह दूसरों के दोष देखता है।
   ग) उसकी बात सभी मानते हैं।
   घ) वह अपने गुणों का बखान करता है।

ii) दूसरों की उन्नति को मनुष्य क्यों नहीं देखना चाहता है?
   क) अपने बड़प्पन के कारण
   ख) धनवान होने के कारण
   ग) ईर्ष्या के कारण
   घ) अपने गुणों के कारण

iii) स्वास्थ्य व सदाचार नष्ट हो जाते हैं ।
   क) ईर्ष्या के वश में होने पर
   ख) क्रोध के वश में होने पर
   ग) अनैतिक कार्य करने पर
   घ) स्वास्थ्य के नियमों का पालन न करने पर

iv) किसे शास्त्रों में पाप कहा गया है?
   क) ईर्ष्या को
   ख) परनिंदा को
   ग) अहंकार को
   घ) कोई नहीं

v) ध्यान करने का क्या लाभ होगा?
   क) मन स्थिर हो जाएगा
   ख) मन अहंकारी हो जाएगा।
   ग) मन चंचल हो जाएगा।
   घ) मन ईर्ष्यालु हो जाएगा।

1X5 = 5 अंक

प्रश्न-2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

पहले से कुछ लिखा भाग्य में
मनुज नहीं लाया है,
अपना सुख उसने अपने
भुजबल से ही पाया है ।
प्रकृति नहीं डरकर झुकती है
कभी भाग्य के बल से
सदा हारती वह मनुष्य के
उद्यम से, श्रमजल से।
ब्रह्मा का अभिलेख –
पढ़ा करते निरूद्यमी प्राणी
धोते वीर कु-अंक भाल का
बहा भ्रुवों से पानी
भाग्यवाद आवरण पाप का
और शस्त्र शोषण का
जिससे रखता दबा एकजन
भाग दूसरे जन का।
पूछो किसी भाग्यवादी से
यदि विधि-अंक प्रबल है
पद पर क्यों देती ना स्वयं
वसुधा निज रतन उगल है?
सच पूछो तो शर में ही
बसती है दीप्ति विनय की
संधि, वचन, संपूज्य उसी का
जिसमें शक्ति विजय की
सहनशीलता, क्षमा, दया को
तभी पूजता जग है
बल का दर्प चमकता उसके
पीछे जब जगमग है।

i) कविता में कवि ने भाग्यवान और भाग्यवादियों की तीखी आलोचना क्या कहकर की है ।कथन पढ़कर सही विकल्प चुनिए

अ) मनुष्य का भाग्य पूर्व निर्धारित होता है।
ब) भाग्यवाद पाप का आवरण है।
स) भाग्यवाद कभी किसी का शोषण नहीं करता।
द) केवल निरुद्यमी लोग ही भाग्य का सहारा लेते है।

क) कथन अ), ब) और स) सही है ।
ख) कथन अ), स) और द) सही है ।
ग) कथन ब) और द) सही है ।
घ) कथन ब), स), और द) सही है।

ii) मनुष्य प्रकृति को हरा सकता है

क) उद्यम और परिश्रम से
ख) आतंक और भय से
ख) उग्रता और शोषण से
घ) भाग्य और पौरूष से

iii) भाग्यवाद रूपी हथियार से शोषक -

क) लोगों को भ्रमित करते हैं
ख) दूसरों का हिस्सा दबा कर रखते हैं
ग) क्रांति नहीं होने देते
घ) अत्याचार करते हैं

iv) किसकी संधि की बातें मान्य होती हैं?

क) दयावान की
ख) शक्तिशाली की
ग) ज्ञानी की
घ) किसी की भी नहीं

v) काव्यांश का आशय है -

क) भाग्यवादियों को डराना
ख) उद्यम और परिश्रम का महत्व बताना
ग) वीरों के लक्षण बताना
घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-3 निर्देशानुसार उपसर्ग व प्रत्यय पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1X4 = 4 अंक**

i) निम्नलिखित में 'अन' उपसर्ग से बना शब्द कौन-सा है

क) अनिच्छा
ख) अनजान
ग) अनेक
घ) अनाचार

ii) 'सहानुभूति' शब्द में उपसर्ग है-

क) स
ख) सहा
ग) सह
घ) साह

iii) 'पौराणिक' में मूल शब्द क्या है ?

क) पौरा
ख) पौराण
ग) पुराण
घ) इनमे से कोई नहीं

iv)) निम्नलिखित किस शब्द में एक साथ दो प्रत्ययों का प्रयोग हुआ है ?

क) बुद्धिमान
ख) चिकनाहट
ग) राष्ट्रीयता
घ) चायवाला

v)) 'भौतकी' में कौन-सा प्रत्यय है?

क) इकी
ख) इक
ग) ई
घ) इ

**प्रश्न-4 निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1X4 = 4 अंक**

i ) विद्यालय में कौन सा समास है?

क) संप्रदान तत्पुरुष समास
ख) करण तत्पुरुष समास
ग) संबंध तत्पुरुष समास
घ) इनमें से कोई नहीं

ii) 'कृष्णार्जुन' में कौन से समास है?

क) द्विगु समास
ख) द्वंद समास
ग) कर्मधारय समास
घ) अव्ययीभाव समास

iii) 'सप्ताह' शब्द कौन से समास के अंतर्गत आएगा?

क) अव्ययीभाव समास
ख) तत्पुरुष समास
ग) द्विगु समास
घ) बहुव्रीहि समास

iv) जहाँ दोनों पद किसी तीसरे अर्थ की ओर संकेत करते हैं वह _____ कहलाता है।

क) कर्मधारय समास
ख) द्वंद समास
ग) बहुव्रीहि समास
घ) इनमें से कोई नहीं

v) निम्नलिखित में अव्ययीभाव समास का उदाहरण बताएं।

क) राजपुत्र
ख) यथाशक्ति
ग) सप्त सिंधु
घ) मृगनयन

**प्रश्न-5 निर्देशानुसार किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1X4 = 4 अंक**

i ) आज्ञावाचक वाक्य का सही उदाहरण होगा –

क) क्या आप खाना खाना चाहते हैं?
ख) आप क्यों खाना खाना चाहते हैं?
ग) आप खाना खा लीजिए।
घ) आप खाना खाना चाहते है !

ii) काश ! मैं परी बन जाती। अर्थ की दृष्टि से वाक्य होगा।

क) इच्छा वाचक
ख) संदेह वाचक
ग) विस्मयवाचक
घ) आज्ञावाचक

iii) दिए गए वाक्य का निर्देशानुसार परिवर्तित सही रूप लिखिए |
**वाह ! मीराबाई चानू ने ओलंपिक में रजत पदक प्राप्त किया | (कथनात्मक)**
क) मीराबाई चानू ने ओलंपिक में कौन सा पदक प्राप्त किया?
ख) मीराबाई चानू ने ओलंपिक में रजत पदक प्राप्त किया |
ग) संभवत मीराबाई चानू ओलंपिक में स्वर्ण पदक प्राप्त करें|
घ) क्या मीराबाई चानू ने ओलंपिक में रजत पदक प्राप्त किया?

iv) भाई साहब हरिद्वार नहीं गए थे - अर्थ की दृष्टि से वाक्य होगा -
क) निषेधात्मक वाक्य
ख) इच्छार्थक वाक्य
ग) कथनात्मक वाक्य
घ) संभावनार्थक वाक्य

v) अर्थ की दृष्टि से वाक्य कितने प्रकार के होते हैं?
क) एक
ख) दो
ग) पांच
घ) आठ

**प्रश्न-6 निर्देशानुसार किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** **1X4 = 4 अंक**

i) ' संतो भाई आई ज्ञान की आंधी रे' पंक्ति में निहित अलंकार बताइए |
क) उपमा
ख) रूपक
ग) अनुप्रास
घ) यमक

ii) यमक अलंकार का उदाहरण चुनिए |
क) बापू को कर नित दूर-दूर, हर बरस, बरस दिन आता है|
ख) सठ सुधरहिं सुत संगति पाई
ग) सुबरन को ढूँढत फिरत कवि व्याभिचारी, चोर
घ) मधुबन की छाती को देखो, सूखी कितनी इसकी कलियाँ

iii) जहाँ एक ही शब्द की एक से अधिक बार आवृत्ति हो वहाँ कौन सा अलंकार होगा?
क) यमक
ख) अनुप्रास
ग) रूपक
घ) उपमा

iv) निम्न में से कौन-सी पंक्ति उपमा अलंकार से संबंधित नहीं है।
क) नीलगगन सदृश शांत था सो रहा
ख) हाय ! फूल सी कोमल बच्ची हुई राख की थी ढेरी
ग) कबीरा माया मोहिनी जैसे मीठी खांड
घ) काली घटा का घमंड घटा

v) निम्न में से कौन-सा अलंकार अर्थालंकार की श्रेणी में नहीं आता।
क) यमक
ख) अनुप्रास
ग) उपमा
घ) ख व ग दोनों

**प्रश्न-7 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्न के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।**
**1X5 =5 अंक**

**सालिम अली उन लोगों में से थे जो प्रकृति के प्रभाव में आने के बजाय प्रकृति को अपने प्रभाव में लाने के कायल होते है । उनके लिए प्रकृति में हर तरफ एक हँसती-खेलती रहस्य भरी दुनिया पसरी थी। यह दुनिया उन्होंने बड़ी मेहनत से अपने लिए गढ़ी थी । इसके गढ़ने में उनकी पत्नी तहमीना ने काफी मदद पहुंचाई थी । तहमीना स्कूल के दिनों में उनकी सहपाठी रही थी।**

i) कायल होने का आशय है –
क) इच्छुक होना
ख) प्रयत्न करना
ग) मुग्ध होना
घ) योग्य होना

ii) 'मेहनत' के लिए उपयुक्त शब्द छांटिए

क) योग्य
ख) गति
ग) यत्नशील
घ) परिश्रम

iii) तहमीना कौन थी ?

क) सालिम अली की सहपाठी
ख) सालिम अली की सहयोगी
ग) सालिम अली की माँ
घ) सालिम अली की पत्नी

iv) सालिम अली प्रकृति में क्या देखते है?

क) एक हँसती -खेलती प्रकृति
ख) पशुओं का आपसी स्नेह
ग) रहस्य रोमांच भरी जिंदगी
घ) पक्षियों का हँसता-खेलता अंजाना संसार

v) सालिम अली प्रकृति के साथ कैसा संबंध रखते थे ?

क) वे प्रकृति से प्रभावित रहते थे
ख) वे प्रकृति से प्रेम करते थे।
ग) वे प्रकृति का संरक्षण करते थे।
घ) वे प्रकृति को प्रभावित करते थे ।

**प्रश्न-8 गद्य पाठ के आधार पर निबंध लिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर लिखिए** **1X2=2 अंक**

i) 'राहदारी' का अर्थ है –

क) रिश्वत
ख) मार्ग पार करने का अनुमति पत्र
ग) घूस
घ) नदी पार करने का अनुमति पत्र

ii) 'पगहिया' का क्या तात्पर्य है?

क) अगले पैर
ख) पिछले पैर
ग) पैर में बंधी रस्सी
घ) गले में बंधी रसी

**प्रश्न-9 निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।** **1X5 =5 अंक**

**तुझे मिली हरियाली डाली,**
**मुझे नसीब कोठरी काली!**
**तेरा नभभर में संचार**
**मेरा 10 फुट का संसार!**
**तेरे गीत कहावे वाह,**
**रोना भी है मुझे गुनाह**
**देख विषमता तेरी मेरी**
**बजा रही तिस पर रणभेरी**
**इस हुँकृति पर अपनी कृति से और कहो क्या कर दूँ**
**कोकिल बोलो तो !**
**मोहन के व्रत पर**
**प्राणों का आसव किस में भर दूँ !**
**कोकिल बोलो तो !**

i) कवि किससे संवाद कर रहा है?

क) कोयल से
ख) स्वयं से
ग) देशवासियों से
घ) क्रांतिकारियों से

ii) कोयल क्यों सौभाग्यशाली है?

क) सुविधाओं के कारण
ख) मुक्त होने के कारण
ग) शासन के सुख के कारण
घ) स्वभाव वश

iii) कवि किस रणभेरी की बात कर रहा है?

क) कोयल के गीतों की ध्वनि
ख) क्रांतिकारियों के विद्रोही स्वर
ग) अंग्रेजों के अत्याचार
घ) कोयल की विद्रोही तान

iv) यहाँ 'मोहन' से क्या अभिप्राय है?

क) सम्मोहन
ख) नशा
ग) कृष्ण
घ) गांधी

v) कवि किस संस्कृति पर कुछ करना चाहता है?

क) क्रांतिकारियों की पुकार
ख) कोयल की प्रेरणा भरी आवाज
ग) देश प्रेम की आवाज
घ) अंग्रेजों का अत्याचार

**प्रश्न-10 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।** **1X2 अंक**

i ) नाव का प्रतीकात्मक अर्थ लिखिए ।

क) प्रभु
ख) भक्ति
ग) जीवन
घ) संसार

ii) कवि पत्थर क्यों बनना चाहता है?

क) शांति के लिए
ख) स्थिरता के लिए
ग) दृढ़ता के लिए
घ) कृष्ण की समीपता पाने के लिए

## खंड – ख (वर्णनात्मक)

**प्रश्न-11 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखें ।** **2X3 = 6 अंक**

i ) 'दो बैलों की कथा' के माध्यम से कौन-कौन से नीति विषयक मूल्य उभर कर आये हैं ?

ii) लेखक लंड्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गया ?

iii) सालिम अली हर समय क्या लिए रहते थे और क्यों ?

iv) आशय स्पष्ट करें

**अवश्य ही उनमें कोई ऐसी गुप्त शक्ति थी, जिससे जीवों में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है ।**

**प्रश्न-12 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखें** **2X3 = 6 अंक**

i ) मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूंढता फिरता है?

ii) कवयित्री की 'घर जाने की चाह' से क्या तात्पर्य है ?

iii) कवि पशु, पक्षी और पहाड़ के रूप में भी श्री कृष्ण का सान्निध्य क्यों प्राप्त करना चाहता है?

iv) किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से गई है और क्यों ?

**प्रश्न-13 पूरक पाठ्य पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखिए।** **4X2 = 8 अंक**

i ) 'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है। ' इस दिशा में मृदुला गर्ग के प्रयासों का उल्लेख कीजिये।

ii) नौजवान के पानी में उतरते ही कुत्ता भी पानी में कूद गया, दोनों ने किन भावनाओं के वशीभूत होकर ऐसा किया?

iii) लेखिका की नानी की आज़ादी के आंदोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही ?

**रचनात्मक-लेखन**

**प्रश्न-14 निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए।** **6 अंक**

i ) बाल मजदूरी-एक सामाजिक अभिशाप

ii) वैश्वीकरण या ग्लोबलाइजेशन के प्रभाव

iii) कैसे निपटे बेरोज़गारी से

**प्रश्न-15 विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की पुस्तकें खरीदने हेतु रूपए मँगवाने के लिए पिताजी को पत्र लिखिए।**

**अथवा** **5 अंक**

**पुस्तकालय में हिंदी के प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकें मँगवाने के लिए प्रधानचार्य जी को पत्र लिखिए।**

**प्रश्न-16 शीर्षक के आधार पर लघु कथा लिखें।** **5 अंक**

जैसे को तैसा

**अथवा**

मिलावटी एवं कृत्रिम रंगों के प्रयोग वाली मिठाइयों की बिक्री रोकने हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को ई-मेल लिखिए।

प्रश्न-17 'समय के सदुपयोग के संबंध में' बड़े भाई द्वारा छोटे भाई से बातचीत को संवाद लेखन के रूप में लिखिए।

**अथवा**

आप अपने विद्यालय में सांस्कृतिक सचिव है। विद्यालय में होने वाली कविता प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रण हेतु लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिये। **4 अंक**

******